SNEH TEACHERS TRAINING COLLEGE, JAIPUR
"Foster Emotional Intelligence in Youth Through Education" (ICFEIYE-2024)
DATE: 15 April 2024
International Advance Journal of Engineering, Science and Management (IAJESM)
Multidisciplinary, Indexed, Double-Blind, Open Access, Peer-Reviewed, Refereed-International Journal, Impact factor (SJIF) = 7.938

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की भावनात्मक बुद्वि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन

स्वाती जोशी (एचओडी), स्नेह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, मुहाना, सांगानेर, जयपुर

सारांश

प्रस्तुत शोध में उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की भावनात्मक बुद्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध के लिये मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर के 10 निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का चयन स्तरीकृत याद्दच्छिक लाटरी विधि द्वारा किया गया। प्रत्येक विद्यालय से 05–05 महिला एवं पुरूष शिक्षक को सम्मिलित किया किया गया। इस प्रकार कुल 50 महिला एवं 50 पुरूष शिक्षकों का चयन किया गया। प्रदत्तों के संकलन के लिये शोधार्थी द्वारा शुभ्रा मंगल द्वारा निर्मित शिक्षक भावनात्मक बुद्वि मापनी एवं डॉ. एस. के. मंगल द्वारा निर्मित मंगल शिक्षक समायोजन मापनी का प्रयोग किया गया। इस शोध कार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षकों की भावनात्मक बुद्धि के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षकों की समायोजन के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की भावनात्मक बुद्धि एवं समायोजन के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। निष्कर्ष उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षकों की भावनात्मक बुद्धि के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षकों की समायोजन के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की भावनात्मक बुद्धि एवं समायोजन के माध्य फलांको के मान में सार्थक अंतर पाया गया।

मुख्य शब्द – शिक्षक, भावनात्मक बुद्धि एवं समायोजन

Quality Of Work... Never Ended...